# कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र)
# लोक निर्माण विभाग, भू–तल, निर्माण भवन अरेरा हिल्स, भोपाल

web site www.mp.gov.in/pwdmp email:cepwdcapital@mp.nic.in phone 0755-2551403

कं ....../15/स्था./भो.प./निःशक्तजन भर्ती/विशेष अभियान/2023/पार्ट–1 भोपाल दि. /06/2024

प्रति,

संचालक
सूचना तथा जनसंपर्क संचालनालय
बाणगंगा भोपाल।

विषयः– राज्य स्तर के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में लोक निर्माण विभाग का विज्ञापन प्रकाशित करने बावत।

---0---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन भोपाल का विज्ञापन सलग्न है, जिन्हे राज्य स्तर के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में नियमानुसार आवश्यक रूप से प्रकाशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि विज्ञापन को शीघ्र प्रकाशित करें। तथा प्रकाशन के पश्चात प्रकाशित विज्ञप्ति एवं देयक भुगतान हेतु इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।

सहपत्रः– उपरोक्तानुसार

(इंजी. संजय मस्के)
मुख्य अभियंता (भो.प.)
लोक निर्माण विभाग भोपाल

प्र.कं 3796 .../15/स्था./भो.प./निःशक्तजन भर्ती/विशेष अभियान/2023/पार्ट–1 भो. दि. 6/06/2024

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख अभियंता लो.नि.वि. भोपाल की ओर आपके पत्र कं–303/41/2021/पार्ट–3/528 दिनांक 14.03.2024 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण यंत्री आई.टी.सेल कार्यालय प्रमुख अभियंता लो.नि.वि. भोपाल की ओर भेज कर लेख है कि उक्त विज्ञापन को विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. पर्यवेक्षक, कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन भोपाल की ओर अग्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि प्रकाशन के पश्चात नियमानुसार देयक का भुगतान कराने की व्यवस्था करें।

सहपत्रः– उपरोक्तानुसार कं–2 हेतु

(इंजी. संजय मस्के)
मुख्य अभियंता (भो.प.)
लोक निर्माण विभाग भोपाल

# कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र)
# लोक निर्माण विभाग, भू–तल, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल
## विशेष अभियान के तहत निःशक्तजन की भर्ती हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, के पत्र क्रं–एफ 8–2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष अभियान के तहत निःशक्तजन के पद की पूर्ति वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन पत्र निम्न पद हेतु निर्धारित योग्यता एंव अर्हता रखते हुयें नीचे दर्शाये गये विहित प्रारूप में विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 21.06.2024 तक कार्यालयीन समय 5:30 सांयकाल (अवकाश के दिनो को छोडकर) कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग भू–तल, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल पिनकोड नं–462027 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं न ही इस संबध में कोई पत्राचार किया जावेगा। डाक से हुए विलम्भ के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पदों विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक–इन–इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है।

| स. क्रं | पदनाम | रिक्त पद | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि हेतु स्वीकृत पद | बहरे और कम सुनने वाले हेतु स्वीकृत पद | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी हेतु स्वीकृत पद | ओटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता हेतु स्वीकृत पद | वेतनमान | वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मानचित्रकार (सिविल) | 03 | 1 | 1 | – | 1 | 25300–80500 समय–समय पर देय अन्य भत्ते | दिनांक 02.07.2024 से 03.07.2024 तक समय 11:00 बजे से कार्यालयीन समय तक। साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्जावेज के साथ उपस्थित होवे। |
| 2 | सहायक मानचित्रकार (वि/ यां) | 01 | – | 1 | – | – | 25300–80500 समय–समय पर देय अन्य भत्ते | |
| 3 | सहायक ग्रेड–3 | 09 | 3 | 2 | 1 | 3 | 19500–62000 समय–समय पर देय अन्य भत्ते | |

शैक्षणिक योग्यता :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सहायक मानचित्रकार (सिविल) | आई.टी.आई. से वास्तुकला में पत्रोपाधि (डिप्लोमा) सिविल में मानचित्र कला या (ड्राप्टसमैन शिप) में सर्वेक्षण का प्रमाण–पत्र/ सर्वेयर ट्रेड सर्टिफिकेट या व्यावसायिक इंडस्ट्रीयल कौंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेडिंग (3 वर्षीय) का शिशुक्षता प्रमाण–पत्र (अप्रेंटिशशिप सर्टिफिकेट) या आटो सी.ए.डी.ज्ञान के साथ कम्प्यूटर साइस में बी.एस.सी. उपाधि या इ.टी. एण्ड टी.ओ.–1 स्तर का प्रमाण–पत्र। |
| 2 | सहायक मानचित्रकार (वि/ यां) | आई.टी.आई. से वास्तुकला में पत्रोपाधि (डिप्लोमा) इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से विद्युत तथा मैकेनिकल यात्रिकी में मानचित्रकार कला (ड्राफ्ट्समैन शिप) में प्रमाण–पत्र या सर्वेक्षण का व्यावसायिक प्रमाण–पत्र (सर्वेयर ट्रेड सर्टिफिकेट) या इंडस्ट्रीयल कौसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेडिंग (3 वर्षीय) का शिशुक्षता प्रमाण–पत्र (अप्रेंटिशशिप सर्टिफिकेट) या आटो सी.ए.डी. ज्ञान के साथ कम्प्यूटर साइंस में बी.एस.सी. उपाधि या इ.टी. एण्ड टी.ओ.–1 स्तर का प्रमाण–पत्र। |
| 3 | सहायक ग्रेड–3 | 1. हायर सेकेंडरी (10+12) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य।<br>2. निम्नलिखित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>(1) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(2) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(3) डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिपलोमा स्तर की परिक्षा।<br>(4) शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>(5) शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय "कमप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट" **(COPA)** प्रमाण–पत्र।<br>म.प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर प्रमाणीकरण दक्षता परीक्षा **(CPCT)** हिन्दी भाषा में 50 प्रतिशत स्कोर कार्ड अथवा उससे अधिक में उत्तीर्ण होना अनिवार्य। |

अन्य शर्ते :–

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
7. निःशक्तता का डिजीटल प्रमाण–पत्र संबधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयू से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. साक्षात्कार में सहायक ग्रेड–3 हेतु कम्प्यूटर/टायपिंग टेस्ट एवं पद के संबध में अनुभव, सामान्य ज्ञान/ सहायक मानचित्रकार (सिविल) (वि/यां) के पद के संबध में अनुभव, सामान्य ज्ञान संबध में परीक्षा ली जावेगी।
11. नियुक्ति से संबधित सभी अधिकार मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
12. उक्त भर्तीयो के संबध में विस्तृत जानकारी (आवेदन–पत्र के फार्मेट सहित) विभागीय वेबसाइट **mppwd.gov.in** पर उपलब्ध है, अतः उक्त वेबसाइट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(इंजी. संजय मस्के)
मुख्य अभियंता (भो.परि.)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल